संचिका सं. :- 04/NULM-05/2017/ 2948 /न0वि0एवंआ0वि0

बिहार सरकार
नगर विकास एवं आवास विभाग

प्रेषक,

अपर सचिव-सह-उपनिदेशक
नगर विकास एवं आवास विभाग,
बिहार ।

सेवा में,

नगर आयुक्त
नगर निगम -कटिहार
नगर कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद् - जहानाबाद एवं मधुबनी
नगर पंचायत - नवगछिया ।

पटना, दिनांक : 11/11/19

विषय:- दीनदयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) के SUH घटक के अन्तर्गत नवनिर्मित आश्रय स्थलों के परिचालन के संबंध में ।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि दीनदयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) के SUH घटक के अधीन निर्मित एवं संचालित आश्रय स्थलों का प्रमुख उद्देश्य गरीबों को मूलभूत सुविधाओं / सेवाओं से युक्त आश्रय स्थल उपलब्ध कराया जाना है । उल्लेखनीय है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा वाद संख्या - **W.P. (C) 55/2003 E.R. Kumar & ANR Vs. Union of India** मामले में पारित न्यायादेश के आलोक में आश्रय स्थलों के संचालन एवं प्रबंधन के अनुश्रवन हेतु गठित राज्य स्तरीय कमिटी की दिनांक - **7th June 2019, 19th August 2019** एवं **23rd September 2019** को आयोजित बैठक में नवनिर्मित रैन बसेरों / आश्रय स्थलों का परिचालन आरंभ करने का निदेश दिया गया है ।

इस सम्बन्ध में आपके द्वारा पूर्व में विभाग को सूचित किया गया था कि नगर निकाय में नवनिर्मित आश्रय स्थल का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है एवं परिचालन हेतु तैयार है । नवनिर्मित आश्रय स्थलों का परिचालन आरंभ करने हेतु पूर्व में कई बार विभाग द्वारा सूचित किया जा चूका है परन्तु इस हेतु उचित कार्यवाई अबतक आपके नगर निकाय द्वारा नहीं किया गया है ।

उक्त के आलोक में दिनांक 18-07-2019 को पूर्वाहन 11:30 बजे video conferencing के माध्यम से नवनिर्मित आश्रय स्थलों के स्थिति की समीक्षा की गई थी । नगर निकायों द्वारा अपने स्तर से video conferencing के माध्यम से नवनिर्मित आश्रय स्थलों के परिचालन आरंभ करने हेतु तिथि निर्धारित कर सूचित किया गया जिसकी विवरणी निम्नवत है -

Sl No:	Name of ULB	Timeline provided by ULB for making SUH operational	Status
1	Naugachiya	30th July 2019	Not operational
2	Kathiar	7th September 2019	Not operational
3	Madhubani	7th August 2019	Not operational
4	Jehanabad	7th September 2019	Not operational

अतः निदेशित किया जाता है कि नवनिर्मित आश्रय स्थलों के यथाशीघ्र परिचालन हेतु आवश्यक कार्य पूर्ण कर विभाग को सूचित करें ताकि माननीय मंत्री महोदय से इन नवनिर्मित आश्रय स्थलों के उद्घाटन की तिथि प्राप्त की जा सके ।

इस पत्र को अति आवश्यक समझा जाए ।

विश्वासभाजन

अपर सचिव-सह-उपनिदेशक
नगर विकास एवं आवास विभाग